an>

Title: Need to strengthen the economy by banning Chinese products in the Country.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : अध्यक्ष जी, बहुत-बहत धन्यवाद आपने मुझे ज़ीरो ऑवर में बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न पर बोलने का अवसर दिया है। ...(व्यवधान) आज जब चीन के सैनिक हमारी सीमाओं पर घुसपैठ को ले कर हमारी सेनाओं के साथ नोंक-झोंक और भारी तनाव बना कर युद्ध जैसी स्थिति बना रहा है। ...(व्यवधान) ऐसी स्थिति में हमारे देश के सभी नागरिकों को और सरकारी तथा गैर-सरकारी कंपनियों को चीन निर्मित सभी उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए। ...(व्यवधान) मेरी जानकारी के मुताबिक चीन से प्रति माह बड़ी संख्या में निम्न सामान जैसे 1. हैडरेस्ट कवर, 2. एयरसिकनेस बैग, 3. डिस्पोज़ेबल पिलो कवर, 4. टिनफॉयल और कैसरोल, 5. हैडसेट इत्यादि सामानों की खरीदी एयर इण्डिया द्वारा की जा रही है तथा देश में चीन निर्मित सामानों की बिक्री जारी है। ...(व्यवधान) उस पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। ...(व्यवधान) चीन निर्मित उत्पादों पर देश में प्रतिबंध लगाने से जहां चीन की अर्थव्यवस्था कमज़ोर होगी, वहीं हमारे देश में निर्मित समान सरकार के मेक इन इण्डिया प्रोग्राम को और अधिक गति प्रदान करते हुए, मज़बूती दे कर हमारी अर्थव्यवस्था और अधिक बेहतर बनाएगा। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री आलोक संजर,

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री रोड़मल नागर,

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत,

श्री रामचरण बोहरा,

डॉ. मनोज राजोरिया,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री अर्जुन लाल मीणा,

श्री रवीन्द्र कुमार जेना,

श्री निशिकान्त दुबे,

श्री शिवकुमार उदासि एवं

डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्री गोपाल शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)